सं. सीबीएसई/(सतर्कता/एफ.1318(ए)/2018/ए-6522-6547 दिनांक : 10.अक्टूबर.2018

कार्यालय आदेश

विषय : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (मुख्यालय),दिल्ली में दिनांक 29 अक्टूबर, 2018 से 03 नवम्बर, 2018 तक ''सतर्कता जागरूकता-सप्ताह 2018'' का आयोजन।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिनांक 24 सितम्बर, 2018 के परिपत्र संख्या 018/वीजीएल/033/395730 द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 29 अक्टूबर, 2018 से 3 नवम्बर, 2018 तक **''सतर्कता जागरूकता सप्ताह'' (स.जा.स.) - 2018** का आयोजन किया जाएगा। आयोग ने सूचित किया है कि इस वर्ष स.जा.स का मुख्य विषय **''भ्रष्टाचार मिटाओ-नया भारत बनाओ''** होगा।

02) सीवीसी ने अपने दिनांक 24.09.2018 के परिपत्र में उल्लेख किया है कि प्राधिकारी का दायित्व सौंपे गए किसी व्यक्ति स्वयं के लिए अथवा किसी अन्य व्यक्ति के लिए लाभ प्राप्त करने हेतु बेईमानी अथवा अनैतिक आचरण को भ्रष्टाचार के रूप में पारिभाषित किया जा सकता है। यह एक वैश्विक संवृत्ति है, जो समाज के प्रत्येक स्तर को किसी न किसी रूप में प्रभावित कर रही है। भ्रष्टाचार राजनीतिक विकास, लोकतंत्र, आर्थिक विकास, पर्यावरण, लोगों के स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों को कमजोर कर देता है। इसलिए, यह आवश्यक है कि जनता को सुग्राही बनाया जाए और भ्रष्टाचार को मिटाने के प्रयासों की दिशा में प्रेरित किया जाए।

03) आयोग ने जोर दिया है कि ई-प्रशासन और प्रक्रियाओं में सुव्यवस्थित परिवर्तन, न्यूनतम विवेक, कम सार्वजनिक इंटरफ़ेस, प्रौद्योगिकी आधारित खरीद और स्वचलन से भ्रष्टाचार को कम करने में बहुत सहायता मिलेगी। इसीलिए, आयोग सभी संगठनों/विभागों को परामर्श देता रहा है कि भ्रष्टाचार से लड़ने हेतु तथा अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए प्रभावी और निवारक उपायों की पहचान करें और इनका कार्यान्वयन करें। सभी संगठनों को अपनी गतिविधियों में भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए प्रयास करना चाहिए। आयोग ने तदनुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2018 के मुख्य विषय के रूप में **''भ्रष्टाचार मिटाओ नया भारत बनाओ''** चुना है।

क्रमशः ...2/

04) आयोग ने निर्देश दिया है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन मंत्रालयों/विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और अन्य सभी संगठनों में 29 अक्टूबर, 2018 को प्रातः 11:00 बजे सरकारी सेवकों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा (**अनुलग्नक 'क'** प्रति संलग्न) के साथ आरम्भ किया जाएगा।

05) सीवीसी से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि के.मा.शि.बो. (मुख्यालय), दिल्ली में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

तारीख	कार्यक्रम
29.10.2018 सोमवार	सचिव, के.मा.शि.बो. द्वारा बोर्ड के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को ''**सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा**'' दिलाना।
30.10.2018 मंगलवार	**''भ्रष्टाचार से देश की आर्थिक वृद्धि में बाधा और नागरिकों के जीवन पर प्रभाव'' विषय पर ''निबंध लेखन प्रतियोगिता''**
31.10.2018 बुद्धवार	**''भ्रष्टाचार मुक्त भारत'' पर ''स्लोगन लेखन प्रतियोगिता'' (10 स्लोगन लिखें)**
01.11.2018 सोमवार	**''भ्रष्टाचार मिटाओ-नया भारत बनाओं'' विषय पर भाषण/व्याख्यान प्रतियोगिता**

06) के.मा.शि.बो. कार्यालय में प्रमुख स्थानों पर बैनर/पोस्टर स्लोगन आदि प्रदर्शित किए जाएंगे।

07) के.मा.शि.बो. मुख्यालय कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी, मुख्यालय कार्यालय दिनांक 29.10.2018 को प्रात:11:00 बजे **''सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा''** लेंगे। **''सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा''** की एक प्रति संलग्नक – क के रूप में संलग्न है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को **''ई-सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा''** सीवीसी की वेबसाइट http//www.cvc.nic.in पर जाकर लेने की सलाह दी जाती है। **''ई-सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा''** के लिए सीबीएसई वेबसाइट पर भी हाइपर लिंक/वेब लिंक उपलब्ध होगा। अधिकारियों/कर्मचारियों को पुन: सलाह दी जाती है कि वे अपने परिवार के सदस्यों, नागरिकों और हितधारकों को, ''ई-सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा'' लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

08. उपरिलिखित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान एवं सांत्वना पुरस्कार स्थान प्राप्त करने पर रू. 2,500/-, रू. 2,000/-, रू. 1,500/- और 1,200/- राशि के नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे और मेरिट प्रमाण-पत्र भी दिया जाएंगे।

09. के.मा.शि.बो. मुख्यालय, शैक्षणिक शाखा और के.मा.शि.बो. की अन्य यूनिटों जो कि पटपड़गंज भवन, राउज़ एवेन्यू भवन पर स्थित हैं, के सभी अधिकारी/कर्मचारी के.मा.शि.बो. मुख्या. में स.जा.स.-2018 के दौरान आयोजित उपर्युक्त क्रियाकलापों/प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। सीवीसी से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार, अधिकारियों/कर्मचारियों के परिवार के सदस्य भी उक्त प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। इसीलिए, इसे अधिकारियों/कर्मचारियों की संबंधित यूनिटों में प्रचारित किया जाए। दिल्ली में स्थित कार्यालयों के इच्छुक प्रतिभागी जो इनमें से किसी एक या सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं, वे अपनी सहमति सहायक सतर्कता अधिकारी को 29 अक्टूबर, 2018 (सोमवार) को निश्चित रूप से भिजवा दें।

10. सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रयोजन हेतु स.जा.स.-2018 के दौरान बोर्ड के हितधारकों के बीच इसे अधिकाधिक प्रचारित करें और समाज में भ्रष्टाचार उन्मूलन और इसकी रोकथाम के लिए संघठित होने के लिए जनता को सुग्राही करें।

(डॉ. जोसेफ इमेनुअल)
मुख्य सतर्कता अधिकारी

संलग्न : यथोपरि
वितरण :
एवं सूचनार्थ

1. अध्यक्ष, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
2. सचिव, के.मा.शि.बो. के व.नि.स.
3. परीक्षा-नियंत्रक के.मा.शि.बो. के व.नि.स.

कार्यवाही हेतु

4. निदेशक (सीटीईटी), के.मा.शि.बो., पटपड़गंज, दिल्ली के व.नि.स.
5. निदेशक (आई.टी.), के.मा.शि.बो. के व.नि.स.
6. निदेशक (एन.ई.) के.मा.शि.बो., क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी
7. क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी
8. निदेशक (शैक्षणिक), के.मा.शि.बो. राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली
9. निदेशक (व्यावसायिक एवं प्रशिक्षण) के.मा.शि.बो., राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली
10. संयुक्त सचिव एवं ओ.एस.डी., एनईईटी एकक, के.मा.शि.बो., मुख्यालय, दिल्ली
11. आई.ए.एफ.ए. के.मा.शि.बो., मुख्यालय, दिल्ली
12. संयुक्त सचिव (सम्बद्धता), के.मा.शि.बो., मुख्यालय, दिल्ली
13. के.मा.शि.बो. के सभी क्षेत्रीय निदेशक

14. उप सचिव (समन्वय),के.मा.शि.बो., मुख्यालय, दिल्ली
15. व.जनसंपर्क अधिकारी,के.मा.शि.बो., मुख्यालय, दिल्ली
16. उप सचिव (प्र. एवं वि.) के.मा.शि.बो., मुख्यालय, दिल्ली
17. एआईएएफए,के.मा.शि.बो., मुख्यालय, दिल्ली
18. सहायक सचिव (गुप्त),के.मा.शि.बो., मुख्यालय, दिल्ली
19. सभी शाखा अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि उक्त अनुदेशों को अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के ध्यान में अनुपालन हेतु और उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।
20. काकीनाडा और रायबरेली उत्कृष्टता केंद्रों के प्रभारी
21. नोटिस बोर्ड

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2018

(29 अक्टूबर से 2 नवम्बर, 2018)

<u>कार्यक्रम</u>

तिथि	समय	कार्यक्रम	
29.10.2018 सोमवार	9:00 पूर्वाह्न	बैनर और पोस्टर प्रदर्शन	**के.मा.शि.बो. मुख्या दिल्ली, के.मा.शि.बो., राउज़ एवेन्यू नई दिल्ली और के.मा.शि.बो. क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली**
29.10.2018 सोमवार	10:45 पूर्वाह्न	स्टॉफ सभा	
	11:00 पूर्वाह्न	सचिव, के.मा.शि.बो. द्वारा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ''**सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा**'' दिलवाना	
30.10.2018 मंगलवार	3:00 अपराह्न	''**भ्रष्टाचार से देश की आर्थिक वृद्धि में बाधा और नागरिकों के जीवन पर प्रभाव**'' विषय पर 1 घंटे की अवधि की ''**निबंध लेखन प्रतियोगिता**'' शब्द सीमा 1000 शब्दों से अधिक नहीं	
31.10.2018 बुद्धवार	3:00 अपराह्न	''**भ्रष्टाचार मुक्त भारत**'' पर ''**स्लोगन लेखन प्रतियोगिता**'' (10 स्लोगन) (15 शब्दों तक सीमित)	**सभी प्रतियोगिताएं के.मा.शि.बो., राउज़ एवेन्यू कार्यालय के छठे तल पर बैठक कक्ष में आयोजित किए जाएंगे।**
01.11.2018 सोमवार	3:00 अपराह्न	''**भ्रष्टाचार मिटाओ–नया भारत बनाओ**'' विषय पर 05 मिनट की अवधि का भाषण/व्याख्यान	
02.11.2018 सोमवार		**पुरस्कार वितरण समारोह**	**के.मा.शि.बो., राउज़ एवेन्यू कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा।**
	4:00 अपराह्न	मु.स.अ. द्वारा के.मा.शि.बो. में ''**सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018**'' पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट	
	4:00 अपराह्न	मु.स.अ. द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता और भाषण/व्याख्यान प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा एवं माननीय अध्यक्ष/ सचिव के.मा.शि.बो. द्वारा पुरस्कार वितरण	

(डॉ. जोसेफ इमेनुअल)

मुख्य सतर्कता अधिकारी